हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 6 अप्रैल 2026




## सिलेंडर की किल्लत: चूल्हों से गायब हुई गैस, लकड़ी के भरोसे होटल व ठेला खोमचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जहां देश के कई हिस्सों में एलपीजी सिलेंडर की भारी किल्लत ने आम जनजीवन को पटरी से उतार दिया है। वहीं राजनांदगांव जिले में भी यही हालात निर्मित हो गए हैं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते वैश्विक तनाव के कारण आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने का सीधा असर अब आम आदमी की रसोई और मोहल्ले के होटलों पर दिखने लगा है। गैस सिलेंडरों की कमी और ब्लैक मार्केटिंग के कारण छोटे और मध्यम स्तर के होटल मालिकों ने अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। बाजार में जो सिलेंडर पहले आसानी से उपलब्ध थे, अब उनके लिए 2000 से ढाई हजार रुपए तक की मांग की जा रही है।

### मिठाइयों की वैरायटी में भी कमी, समोसा-आलू गुण्डा के दामों में 20 फीसदी तक इजाफा

#### समोसे-कचौड़ी के दाम बढ़े

ईंधन की लागत बढ़ने और किल्लत के कारण अधिकांश हलवाइयों ने समोसे, कचौड़ी के दामों में 2 से 5 तक की बढ़ोत्तरी कर दी है। इतना ही नहीं कई ढाबों और होटलों ने अपने मेन्यू से उन डिशेज को हटा दिया है, जिन्हें पकाने में अधिक समय या ज्यादा आंच की जरूरत होती है। अब केवल सीमित वैरायटी ही परोसी जा रही है। सबसे चौंकाने वाली तस्वीर चाय की दुकानों से आ रही है। सिलेंडर न मिलने के कारण दुकानदारों ने एक बार फिर पारंपरिक लकड़ी के चूल्हों और अंगीठियों का सहारा लेना शुरू कर दिया है।



#### ब्लैक में बेचे जा रहे सिलेंडर

मिली जानकारी के अनुसार सिलेंडर की किल्लत के बीच शहर से लेकर ग्रामीण इलाके तक गैस माफिया सक्रिय हो गए हैं। एक हजार रुपए का घरेलू सिलेंडर ब्लैक में 2000 से ढाई हजार तक बेचा जा रहा है। आपूर्ति में कमी का फायदा उठाकर एजेंसियां भी उपभोक्ताओं को घंटों कतार में खड़ा कर रही है। शिकायतें सामने आ रही है कि बुकिंग के पंद्रह दिनों बाद तक डिलीवरी की जा रही है।

वहीं सिलेंडर की कमी के चलते होटल-रेस्टोरेंट के साथ ही ठेला-खोमचा का व्यापार भी प्रभावित हुआ है। बताया गया कि कई होटल संचालकों ने गैस की कमी को देखते हुए अब लकड़ी का उपयोग शुरू कर दिया है। वहीं कई ने अपनी होटल में ताला लगा दिया है। कई होटल एवं रेस्टोरेंट में कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने के चलते घरेलू सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि जब तक सप्लाई चैन नहीं सुधरेगी होटल-रेस्टोरेंट का व्यापार भी पटरी पर नहीं लौटेगा। इधर विशेषज्ञों का कहना है कि भारत अपनी जरूरत का लगभग 88 फीसदी एलपीजी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते आयात करता है। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध की स्थिति ने इस रूट को प्रभावित किया है। जिससे देश में स्टॉक की कमी हो गई है।

### अंतर्राज्यीय चोर गिरोह से बरामद किए गए 5 लाख के जेवर

## शहर के 3 घरों से लाखों की चोरी हैदराबाद से पकड़ाए तीन आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के जीवन कालोनी में हुए चोरी की घटना की जांच पड़ताल करते पुलिस को अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के तीन आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है। आरोपियों से लगभग पांच लाख रुपए का आभूषण बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 14 मार्च को प्रार्थिया निवासी जीवन-ए कॉलोनी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि रात्रि लगभग 3 बजे अज्ञात 3-4 व्यक्ति उसके मकान का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस आए। आरोपियों ने उसे डराकर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 331(4), 305, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी क्रम में लक्ष्मीनगर निवासी प्रार्थी की मोटर साइकिल ड्रीम योगा चोरी होने की रिपोर्ट पर धारा 303(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया तथा लक्ष्मीनगर बी कॉलोनी निवासी एक अन्य प्रार्थी की रिपोर्ट पर घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने के संबंध में धारा 331(4), 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



#### चोरी के सामान बरामद

पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 2 नग चांदी का दीया, 1 बड़ा एवं 1 छोटा चांदी का कटोरा, 6 नग चांदी की बिछिया, 5 नग चांदी की बिछिया, 7 जोड़ी चांदी के कान के टॉप्स, 4 नग चांदी के कान के टॉप्स, 2 नग चांदी का कड़ा, चांदी एवं काले मोती का बाजूबंद, 1 नग चांदी का छोटा लड्डू, 1 जोड़ी सोने के टॉप्स, 2 जोड़ी सोने के लॉकेट कुल बरामद संपत्ति की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपए है। घटना में शामिल चाकू को भी आरोपियों से जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार घटना में शामिल अन्य 2 आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम सक्रिय रूप से प्रयासरत है।

#### गठित की गई पुलिस टीम

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार एवं निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

#### सौ से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने पत्रकारवार्ता में बताया कि पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल से लेकर राजनांदगांव शहर के 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान आरोपियों के दुर्ग की ओर जाने के साक्ष्य प्राप्त हुए। इसके पश्चात दुर्ग-भिलाई, रायपुर एवं बिलासपुर के सीसीटीवी फुटेज तथा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों के हैदराबाद में होने की पुष्टि हुई।

#### पुलिस टीम हैदराबाद पहुंची

साइबर सेल एवं थाना बसंतपुर की संयुक्त टीम हैदराबाद रवाना की गई, जहां दो दिन तक सतत प्रयास के बाद संदेही आरोपियों की पहचान कर आरोपी शशी कुमार 23 वर्ष निवासी ग्राम सैलम तिलायम पट्टी हैदराबाद, सेट्टी विजय 45 वर्ष निवासी नामपल्ली रेलवे स्टेशन क्षेत्र थाना बंजारा हिल्स हैदराबाद एवं सेट्टी सूर्या 31 वर्ष निवासी गोडूपल आयतनगर जिला हैदराबाद को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने राजनांदगांव के जीवन आवास कॉलोनी में एक ही रात में तीन स्थानों पर चोरी की घटनाएं कारित की थी। घटना के बाद आरोपी दुर्ग-भिलाई होते हुए ट्रेन से बिलासपुर पहुंचे, जहां अगले दिन सरकंडा थाना एवं मोपका चौकी क्षेत्र में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया और पुनः ट्रेन से हैदराबाद भाग गए।

## शासकीय कार्यालय परिसरों में शराबखोरी टांकाघर का वाहन यार्ड बन रहा मयखाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर का कुछ शासकीय कार्यालय परिसर शाम होते ही मयखाने में बदल जाता है। यहां कर्मचारी ही जान-पहचान या अपने अन्य अजीजों के साथ महफिल सजाते हैं और खाली बोतले परिसर के ईद-गिर्द ही छोड़ जाते हैं।

शहर का पीडब्ल्यूडी कार्यालय परिसर, नगर निगम का टांकाघर परिसर, आरटीओ परिसर, जनपद कार्यालय परिसर और एकांत में चल रहे कुछ शासकीय विभागों के आसपास शराब की खाली बोतले देखी जा सकती है। बताया जाता है कि नगर निगम के टांकाघर परिसर में तो हर दिन बोतल खुलती है। यहां टांकाघर परिसर में देखने पर वाहन स्टैंड यार्ड में जगह-जगह खाली बोतल नजर आती है। यहां शेड के पिल्हरों से लेकर कंडम पड़े वाहनों में शराब की खाली बोतल रखी हुई दिखाई दी। वहीं आसपास डिस्पोजल गिलास का कचरा भी नजर आया। निगम के टांकाघर में जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारियों की लापरवाही के चलते परिसर में शराबखोरी हो रही है।

#### अंधेरा पसरते ही छलकता है जाम



निगम के टांकाघर की तरह ही पीडब्लूडी विभाग के परिसर का बंद पड़ा यूनरल भी आहता बना हुआ है। यहां भी अंधेरा पसरते ही जाम छलकने शुरू हो जाते हैं और बीयर एवं शराब की खाली बोतलें परिसर में ही पड़ी रहती है।

#### कार्रवाई का अभाव

सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई होती है, लेकिन शासकीय कार्यालय परिसर में ही शराब पीने वालों पर संबंधित विभाग भी मेहरबान नजर आता है और विभागीय कार्रवाई तक नहीं की जाती है। जिसके चलते शासकीय कार्यालय परिसर में शराब पीने वालों के हौसले भी बुलंद हैं। लगभग सभी विभागों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इसके बावजूद परिसर में बे-खौफ शराबखोरी हो रही है।

**अधिकारी नहीं करते परिसर का निरीक्षण:** शासकीय कार्यालय में संबंधित अधिकारी केवल अपने चेंबर तक सीमित दिखाई देते हैं। अपने कार्यालय परिसर में अधिकारी कभी निरीक्षण करते नजर नहीं आते हैं। यहां मुख्य अधिकारी परिसर में स्वच्छता का निरीक्षण तक नहीं करते, अगर अधिकारी सतत परिसर का निरीक्षण करें तो उन्हें यहां शराब की खाली बोतलें भी दिखाई देगी, लेकिन अधिकारी अपने दफ्तर तक ही सीमित दिखाई देते हैं और कार्यालय से वाहन में बैठकर निकल जाते हैं।

### माय एंगल




## शराब का अवैध परिवहन, 3 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सोमनी पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 अप्रैल को अवैध रूप से शराब परिवहन करने वाले आरोपी समीर कुमार पारधी 19 साल निवासी ग्राम बोईरडीह व रामा पारधी 21 साल निवासी ग्राम स्टेशन मुढीपारा के कब्जे से 120 पौवा देशी शोले प्लेन शराब कीमती 9600 रुपए एवं बिना नंबर स्कूटी टीवीएस जूपीटर को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया। इसी तरह आरोपी प्रदीप पारधी 27 साल निवासी पुराना बस स्टैंड के कब्जे से 51 पौवा देशी शोले शराब कीमती 4080 रुपए एवं बिना नंबर स्कूटी टीवीएस जूपीटर को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### राजनांदगांव का तापमान पहुंचा 37 डिग्री के करीब

## वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर: दो दिन और बारिश के आसार, लुढ़केगा दिन का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते बदले मौसम का हाल अगले दो दिन ऐसे ही बना रहेगा, जहां रविवार को अंचल के कई इलाकों में बारिश देखने को मिली। आज और कल दो दिन और बारिश की संभावना जताई गई है। बेमौसम बारिश के चलते तापमान में भी गिरावट संभावित बताया गया है। जिसके चलते गर्मी से कुछ राहत मिलेगी। ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब था, जो अब 38 से नीचे आ गया है।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में मध्य पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब के ऊपर 3.1 कम से 4.5 कम ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके साथ मध्य क्षोभमंडल में द्रोणिका के रूप में अक्ष 71 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक द्रोणिका गंगेटिक पश्चिम बंगाल से तेलंगाना तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी-तटीय आंध्रप्रदेश के दक्षिण में 1.5 कम ऊंचाई तक विस्तारित है।

#### प्रदेश के मध्य इलाके में बारिश को लेकर अलर्ट

प्रदेश में कल 6 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा ओलावृष्टि होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है। ओलावृष्टि का क्षेत्र मुख्यतः मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। प्रदेश में 6 और 7 अप्रैल को सभी संभागों में वर्षा संभावित है। 8 अप्रैल को दक्षिण छत्तीसगढ़ में मुख्यतः वर्षा संभावित है।




## खबर संक्षेप

### तीर से घायल बायसन की स्थिति चिंताजनक

**कवर्धा।** विकासखण्ड पंडरिया मुख्यालय से करीब 7 किलो मीटर दूर ग्राम सगौना के जंगलों में घायल बायसन लगातार कमजोर होते जा रहा है। ज्ञात हो कि ग्राम सरहापथरा के कुछ ग्रामीणों ने पखवाड़े भर पहले इस वन्यप्राणी बायसन का शिकार करने की नियत से तीर मारकर घायल कर दिया था। जिसके बाद वन विभाग द्वारा घायल बायसन का उपचार कर जंगल मे छोड़ दिया गया था। किंतु इस उपचार से बायसन को कोई बेहतर लाभ होता नहीं दिख रहा है। उपचार के एक सप्ताह बाद बायसन को अब पहले से ज्यादा दिक्कत हो रही है, वहीं पीठ पर तीर से बना घाव भी पहले से ज्यादा बड़ा दिखाई पड़ रहा है। जिसमें मक्की व कीड़े दिखाई पड़ रहे हैं। हालांकि वन विभाग निगरानी कर रहा है लेकिन बायसन को उपचार की जरूरत है। निगरानी करने से कोई लाभ होने वाला नहीं है। वन विभाग लगातार उसे कमजोर होते देख रहा है। बताया जाता है कि बायसन पिछले सप्ताह भर से पनिहा नाला के किनारे बैठा हुआ है। एक सप्ताह में वह 10 मीटर भी आगे नहीं बढ़ा है। वह ज्यादा चल नहीं पा रहा है। दाहिने पैर जिसमें चोट लगी थी। उसे वह अब जमीन पर नहीं रख पा रहा है। तीन पैरों की सहायता से पानी पीने नाले तक पहुंचता है तथा वापस किनारे में आकर बैठ जाता है। वन विभाग के कर्मचारियों की टीम लगातार नजर रखे हुए हैं। लेकिन बेहतर यही होगा कि नजर रखने के बजाए उसका बेहतर ईलाज कराया जाए।

### डामर से भरा ट्रक पलटा बाल-बाल बचा चालक

**कवर्धा।** जामुनपानी मोड़ पर गत दिनो डामर से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। समय रहते ग्रामीणों ने चालक की जान बचा ली, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक तेज रफ्तार में था और जैसे ही जामुनपानी के तीखे मोड़ पर पहुंचा, चालक संतुलन खो बैठा। देखते ही देखते ट्रक सड़क पर पलट गया और उसमें भरा डामर सड़क पर फैल गया। घटना के समय सड़क पर अन्य वाहन या राहगीर नहीं थे, जिससे बड़ी जनहानि टल गई।

**समस्या:** व्यवसायियों को जरुरत के मुताबिक नहीं मिल पा रहे गैस सिलेंण्डर

# कामर्शियल गैस सिलेंडर के कोटे में कटौती से व्यवसाय प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मध्य पूर्व में चल रहे ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच तनाव का असर अब वैश्विक स्तर के साथ-साथ स्थानीय बाजारों में भी दिखाई देने लगा है। इसका सीधा प्रभाव ईंधन आपूर्ति पर पड़ा है, जिससे कवर्धा जिला भी अछूता नहीं रहा है।

हालांकि पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति फिलहाल सामान्य बनी हुई है, लेकिन कामर्शियल गैस सिलेंडर की कमी ने होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं और चाय दुकानदारों के सामने गंभीर समस्या खड़ी कर दी है। व्यवसायियों का कहना है कि उन्हें मिलने वाले गैस सिलेंडरों के कोटे में भारी कटौती कर दी गई है, जिसके कारण उनकी खपत के अनुरूप गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

इसके अलावा गैस सिलेंडर की कीमतों में भी अच्छी-खासी बढ़ोतरी हुई है, जिसका सीधा असर उनके व्यवसाय पर पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कुछ छोटे दुकानदारों ने गैस सिलेंडर की कमी और बढ़ी हुई कीमतों को देखते हुए वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग शुरू कर दिया है, लेकिन इससे भी उन्हें विशेष राहत नहीं मिल रही है। वहीं, कुछ व्यापारियों ने लगातार हो रहे नुकसान को देखते हुए अपनी दुकानें बंद तक कर दी हैं।

### उत्पादों की कीमतें फिलहाल स्थिर



कवर्धा नगर के होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, स्ट्रीट फूड विक्रेता एवं चाय दुकान संचालकों ने बताया कि कामर्शियल गैस सिलेंडर की कमी और कीमतों में वृद्धि के बावजूद उन्होंने अभी तक अपने उत्पादों के दाम नहीं बढ़ाए हैं, जो आम लोगों के लिए राहत की बात है। हालांकि, उनका कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो उन्हें मजबूरन कीमतों में बढ़ोतरी करनी पड़ सकती है।

### गैस सिलेंडर के अलावा अन्य विकल्प

दुकानदारों ने बताया कि गैस की कमी और बढ़ती कीमतों को देखते हुए वे इंडक्शन, डीजल भट्ठी और लकड़ी जैसे वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन इनसे भी अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। कुल मिलाकर, वैश्विक तनाव का स्थानीय स्तर पर गहरा प्रभाव पड़ा है। यदि कामर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति और कीमतों में जल्द सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले समय में खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए हालात और भी चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं।

# सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत, पहचान नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बोड़ला क्षेत्र में गत रविवार को हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई एक अज्ञात महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की उम्र लगभग 50 से 55 वर्ष के बीच बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल कवर्धा में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, महिला के पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिले हैं, जिसके चलते अब तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पहचान नहीं होने के कारण शव को जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखा गया है। बोड़ला थाना पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को इस अज्ञात महिला के बारे में कोई जानकारी हो या वह उसे पहचानता हो, तो तत्काल थाना बोड़ला या कंट्रोल रूम कवर्धा को सूचित करें। पुलिस ने लोगों से अपने-अपने क्षेत्रों में जानकारी साझा कर महिला की पहचान में सहयोग करने की अपील की है, ताकि आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा सके।

# मरम्मत के आभाव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क जर्जर, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव से अमलीमालगी एवं बसनी से घोरपेंड्री प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित कराई गई लगभग डेढ़ किलोमीटर की सड़क है मरम्मत के आभाव में खस्ताहाल और जर्जर हो चुकी है। जिसके कारण आने जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के कई ग्रामों के लिए लाईफ लाईन कही जाने वाली इस सड़क की मौजूदा स्थिति को देखते हुए लोगों में काफी नाराजगी है और वे कहने से नहीं चूक रहे हैं कि एक तरफ क्षेत्रीय विधायक द्वारा विधानसभा क्षेत्र पंडरिया में सड़कों का जाल बिछाए जाने की बात कर रही हैं दूसरी तरफ हालात ये है कि जर्जर सड़कों की मरम्मत तक नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण के बाद पांच वर्षो तक सड़क की मरम्मत का जिम्मा संबंधित विभागीय ठेकेदार का होता है लेकिन इस ओर न तो विभाग ध्यान दे रहा है और न ठेकेदार। हालात ये है कि सड़क जहां तहां से उखड़ चुकी है। लगभग पूरी सड़क गड्ढों से पट चुकी है। जिसमें लोगों को बमुस्किल आवागमन हो पा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर समय रहते सड़क की सुध नहीं ली गई तो आने वाले वर्षाकाल में यह समस्या और भी ज्यादा गंभीर हो जाएगी जिसका खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ किसानो तथा विद्यार्थियों को भी भुगतना पड़ेगा।

## गर्मी से राहत...



**कवर्धा।** लगातार बढ़ रही गर्मी के साथ नगर के बाजार में बढ़ी मौसमी और रसीले फलों की आवक।

# जिलेभर में मनाया जाएगा चांवल उत्सव 7 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



खाद्य विभाग द्वारा जिले में आगामी 7 अप्रैल को चावल उत्सव के आयोजन की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। विभागीय अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की सभी 516 उचित मूल्य की राशन दुकानों में इस दिन एक साथ खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इसके लिए खाद्यान्न के समयबद्ध भंडारण हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। परिवहनकर्ताओं एवं संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, ताकि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी राशन दुकानों तक खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। चावल उत्सव के दौरान सतर्कता समिति के सदस्यों, जन प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति मे खाद्यान्न वितरण का कार्य संपन्न किया जावेगा। साथ ही आम हितग्राहियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। खाद्य विभाग ने बताया कि इस विशेष आयोजन का उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाना और हितग्राहियों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। प्रशासन ने सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने नजदीकी राशन दुकानों में पहुंचकर खाद्यान्न प्राप्त करें और इस उत्सव का हिस्सा बनें।

# विकासखण्ड पंडरिया के जंगलों में शरारती तत्वों पर आग लगाने का आरोप, विभाग से शिकायत

## चार चिरौंजी, बांस, तेंदूपत्ता सहित कीमती वनोपज प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सुदूर वनांचल क्षेत्र नेउर, कांदाबानी और रुखमीदादर के जंगलों में इन दिनों अवैध गतिविधियों ने खतरनाक रूप ले लिया है। असामाजिक तत्व न केवल चार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर रहे हैं, बल्कि सबूत मिटाने और चोरी को आसान बनाने के लिए जंगल में आग भी लगा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, ग्रामीण अपनी आजीविका से जुड़े चार पेड़ों की सुरक्षा में लगे रहते हैं, क्योंकि मई माह में इसका बीज पूरी तरह पककर आय का प्रमुख साधन बनता है। लेकिन इससे पहले ही मोटर साइकिल सवार लोग जंगल में घुसकर कुल्हाड़ी से पेड़ों को काट रहे हैं। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब अधपके बीजों के बावजूद चोरी की होड़ मच गई है। चार पेड़ों के घने पत्तों की आड़ का फायदा उठाकर आगजनी की घटनाएं की जा रही हैं, जिससे बांस, तेंदूपत्ता और छोटे-छोटे अंकुरित पौधे जलकर खाक हो गए हैं।

### वन संपदा के साथ ग्रामीण की रोजी-रोटी पर खतरा

इस आगजनी और कटाई से न सिर्फ जंगल उजड़ रहे हैं, बल्कि ग्रामीणों की आजीविका पर भी गहरा संकट मंडरा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद वन विभाग हरकत में आया है। विभाग ने मामले को गंभीर बताते हुए तत्काल टीम भेजकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। माना जा रहा है कि समय रहते रोक नहीं लगी तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

# शहर के कैलाश नगर मंडल की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

- संगठन को मजबूत बनाने व आगामी रणनीतियों पर की गई विस्तृत चर्चा

शहर के कैलाश नगर मंडल में आज एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन को मजबूत बनाने और आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अशोक सिंह, प्रभारी शिव चौहान तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता तुकेश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मंडल अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की जड़े तभी मजबूत होंगी जब वार्ड स्तर और बूथ स्तर पर कार्यकर्ता संगठित होकर कार्य करेंगे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बैठक में वार्ड एवं बूथ कमेटियों के गठन पर विशेष जोर दिया गया।

दीपक ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में मजबूत टीम का गठन करना आवश्यक है, जिससे पार्टी की योजनाओं और विचारधारा को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर संपर्क अभियान चलाकर लोगों को पार्टी से जोड़े और उनकी समस्याओं को समझकर समाधान के लिए प्रयास करें। बैठक में उपस्थित शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ने भी संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए अभी से रणनीति तैयार करना जरूरी है। प्रभारी शिव चौहान ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि अनुशासन और समर्पण के साथ काम करने से ही पार्टी को सफलता मिलेगी।

इस दौरान तुकेश्वर साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और संगठन विस्तार के लिए सुझाव दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही सभी वार्डों में बूथ कमेटियों का गठन पूर्ण कर लिया जाएगा और नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जाएंगी। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में ग्रामीण अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, धीरज सिंह, बलदाऊ चंद्रवंशी, प्रशांत, सन्तोष यादव, पुष्पलता जोशी, पूर्णिमा चंद्राकर, रामेश्वरी चौहान, हेमन्त ठाकुर, आकाश केशरवानी, रामायण सिन्हा, निमेश चंद्रवंशी, डोमेन, पदुम सेन, अयोध्या साहू, तुलसी राजपूत, मनोज, लता, अंकित चौबे, कौशल्या, वर्षा धनकुंवर आदि उपस्थित थे।

**विकास एवं निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों-ठेकदारों को गुणवत्ता के साथ काम जल्द पूरा करने के दिए निर्देश**

# कलेक्टर ने कवर्धा में चल रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा।



जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेने कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर मौके पर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। इस दौरान उन्होंने कवर्धा के शॉपिंग कांप्लेक्स, गौरव पथ रोड कवर्धा, शहर में अंबेडकर चौक से समनापुर पुल तक बीटी रोड एवं नाली का कार्य, मानिकपुर में नहर लाइनिंग कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी, सीएमओ रोहित साहू सहित संबंधित अधिकारी, इंजीनियर एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

**शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और गौरवपथ का निरीक्षण**

कलेक्टर ने 2.27 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा लगभग 2.22 किलोमीटर लंबे गौरवपथ निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्य तय मापदंडों के अनुरूप ही किए जाएं और गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य समय-सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूर्ण होना चाहिए।

**कवर्धा शहर में सड़क एवं नाली निर्माण का निरीक्षण**

कवर्धा शहर में अंबेडकर चौक से समनापुर पुल तक लगभग 2 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से बी.टी. रोड एवं नाली का कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के लिए किए जा रहे माप को ध्यान से देखा और सुनिश्चित किया कि काम सही तरीके से हो रहा है या नहीं। कलेक्टर श्री वर्मा ने निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। साथ ही नागरिकों से सड़क निर्माण कार्य में सहयोग करने और कार्य को सुचारू रूप से पूर्ण कराने में सहभागिता निभाने की अपील की।

**मानिकपुर में नहर लाइनिंग कार्य का लिया जायजा**

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ग्राम मानिकपुर पहुंचकर निर्माणाधीन नहर लाइनिंग कार्य का भी निरीक्षण किया। यह कार्य किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने मौके पर कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि नहर लाइनिंग का कार्य तकनीकी मापदंडों के अनुरूप किया जाए, ताकि दीर्घकालीन लाभ सुनिश्चित हो सके। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए निर्धारित समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

## सार समाचार

### जर्जर बिजली पोलों पर प्रशासन की लापरवाही उजागर



**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा एवं ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी के संयुक्त नेतृत्व में लखोली क्षेत्र के युवा रहवासियों के साथ बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता कौशलेंद्र पांडे से मुलाकात कर क्षेत्र में व्याप्त गंभीर विद्युत समस्याओं को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। प्रतिनिधि मंडल ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि लखोली क्षेत्र में एक बिजली पोल अत्यंत जर्जर एवं खतरनाक स्थिति में है, जो लगातार हिल रहा है और किसी भी समय गिर सकता है। यह स्थिति सीधे तौर पर आम नागरिकों की जानमाल के लिए बड़ा खतरा बनी हुई है। इस समस्या की शिकायत क्षेत्रवासियों द्वारा पूर्व में भी कई बार की जा चुकी है। अभिमन्यु ने कहा कि यह सिर्फ एक पोल का मामला नहीं है, बल्कि शहरभर में ऐसे कई जर्जर और क्षतिग्रस्त बिजली पोल खड़े हैं, जो प्रशासन की लापरवाही और उदासीनता का जीता-जागता प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते इन पोलों को नहीं बदला गया, तो कोई बड़ा हादसा होना तय है और उसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग और प्रशासन की होगी।

उन्होंने मांग की कि तत्काल प्रभाव से पूरे शहर का व्यापक सर्वे कराया जाए और सभी खतरनाक एवं जर्जर पोलों को प्राथमिकता के आधार पर बदला जाए। साथ ही संबंधित ठेकेदारों की भूमिका की जांच कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उक्त मौके पर सागर ताम्रकार, विकास यादव, निमेष देशलहरे, कृष्णा सिन्हा, सागर सिन्हा, लक्ष्य, पुष्कर रजक, मयंक खरे आदि युवा उपस्थित रहे।

### जिसके पास संतोष है, वह सबसे बड़ा धनी : शुक्ला



**राजनांदगांव।** ईश्वर प्रेमभाव से उनकी की गई भक्ति से प्रसन्न होते हैं। भगवान से किसी भी चीज़ की कामना नहीं करनी चाहिए। वे अपने भक्तों की चाहत को जानते हैं। जिसके पास प्रभु का नाम रूपी धन है और संतोष है, वह सबसे बड़ा धनवान है। उक्त बातें आचार्य पंडित अनिल शुक्ला महाराज ने सृष्टि कॉलोनी में बजाज परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान आए प्रसंगों के दौरान कही। पंडित शुक्ला के अनुसार भगवान कभी सोते (निद्रा) नहीं हैं। उनकी दृष्टि सर्वत्र मनुष्य के अच्छे-बुरे कर्मों को देख रही होती है। जैसा कि कहा जाता है कि भगवान सो गए हैं। पं. शुक्ला ने कहा कि व्यक्ति को अपने धर्म का पालन करना चाहिए। उन्होंने धर्म परिवर्तन के प्रयासों की निंदा की। उन्होंने कहा कि कोई कितना भी वैभवशाली और ज्ञानी क्यों न हो, यदि धर्म के प्रति आस्था नहीं है तो सब निरर्थक है। आचार्य पं. अनिल शुक्ला ने भागवत सप्ताह के दौरान भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, श्री शुकदेव के जन्म के अलावा गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं सहित विभिन्न प्रसंगों पर दृष्टांत का वर्णन किया। कथा के प्रारंभ में पोथी यात्रा और पश्चात श्री कृष्ण एवं रुक्मिणी विवाह में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन कथा श्रवण का आनंद लेते रहे। उक्त जानकारी जितेन्द्र काथरानी ने दी।

### कांग्रेस की महंगाई की रट झूठी : निर्वाणी



**राजनांदगांव।** जिला भाजपा झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महंगाई-महंगाई रट रही है, लेकिन पिछले पचास सालों का कांग्रेस अपना कार्यकाल उठा कर देखे। कांग्रेस ने सिर्फ छलावा किया है, देश की जनता को छलने के अलावा कोई काम नहीं किया है। श्री निर्वाणी ने कहा कि एक समय था, जब कांग्रेस के शासन में सिलेंडर भी नहीं मिलते थे, लोगों को टेलीफोन के लिए घर-घर भटकना पड़ता था, लेकिन आज भाजपा का देश में शासन है, महिलाओं को तुरंत सिलेंडर मिल रहा है, धुंए से आजादी मिल रही है। साथ ही महंगाई दर काबू में है। कांग्रेस पार्टी केवल दिखावा कर रही है और इनकी बातों में जनता आने वाली भी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश को एक नई दिशा दी है और देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है।

### कबड्डी स्पर्धा : भिलाई विजेता व डोंगरगढ़ बनी उपविजेता



**राजनांदगांव।** बुन्देलीकला ब्लॉक में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय जनपद सदस्य और सभापति ओमप्रकाश साहू, विशिष्ट अतिथि सरपंच दधिबल वर्मा, होश साहू, अजय वर्मा और ग्रामवासी शामिल हुए। प्रतियोगिता में भिलाई की टीम विजेता व डोंगरगढ़ की टीम उपविजेता रही। ओमप्रकाश साहू ने विजेता टीम को बधाई देते कहा कि लगातार मेहनत करने से सफलता जरूर मिलती है, जो टीम थोड़े अंकों से पीछे रही है, उसे निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि और मेहनत करनी चाहिए और कमियों को दूर कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल में हार और जीत तो लगी रहती है, लेकिन ग्राम बुंदेलीकला की टीमों और ग्रामवासियों के सहयोग से हर आयोजन सुंदर बनता है। समारोह में सरपंच दधिबल वर्मा और अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार साझा किए। अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।

### बीसीसीआई के विशेष कैम्प में अर्शवीर का चयन



**राजनांदगांव।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के युवा खिलाड़ी अर्शवीर भाटिया का चयन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रशिक्षण केंद्र बेंगलुरु के विशेष कैंप के लिए हुआ है। अर्शवीर के चयन से जिले सहित छत्तीसगढ़ में हर्ष का माहौल है। अर्शवीर ने बीसीसीआई द्वारा आयोजित विजय मर्चेंट ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। प्रतियोगिता के छह मैचों में उन्होंने कुल 27 विकेट हासिल किए और देश के 10 सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में सातवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। बीसीसीआई का यह प्रतिष्ठित कैंप अगले महीने 18 मई से 13 जून तक बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित होगा। अर्शवीर के चयन पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी एवं पदाधिकारियों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त की है।

## यातायात का बढ़ रहा लगातार दबाव

# ओवरब्रिज पर बना डिवाइडर क्षतिग्रस्त फिर दे रहा हादसों को निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्टेशनपारा रेलवे अंडरब्रिज निर्माण कार्य के चलते आवागमन के लिए फाटक बंद होने के बाद शहर के चिखली ओवरब्रिज के ऊपर हर महीने हो रही मौत और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से बीते फरवरी माह में यहां मार्ग विभाजक बनाया गया।

इसके बाद ओवरब्रिज के ऊपर होने वाली मौतों का सिलसिला थम गया। डिवाइडर बनने के बाद से ओवरब्रिज के ऊपर एक भी व्यक्ति की जान यहां सड़क हादसे में नहीं गई।

ओवरब्रिज के ऊपर मार्ग विभाजक बनाए जाने के चलते वाहन एक के पीछे एक कतारबद्ध होकर चलने लगे और तेज रफ्तार वाहनों की गति भी धीमी हो गई।



**फिर बढ़ रही हादसे की आशंका**

वाहनों की ठोकर से ओवरब्रिज के उपर बना डिवाईडर कई जगह से टूट गया है। आज सुबह भी एक ट्रक चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलते हुए डिवाइडर के एक बड़े हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिससे नगर निगम की ओर से चिखली जाने वाली साईड सकरी हो गई है। वहीं ओवरब्रिज में चखली की ओर से डिवाइडर का एक बड़ा हिस्सा टूटकर खत्म हो गया है, जिसे दोबारा नहीं बनाया गया है। डिवाइडर को बनाने के लिए विभागीय लापरवाही के चलते अब हादसे की संभावना बढ़ने लगी है।

**डिवाइडर पर संकेतक नहीं**

ओवरब्रिज के ऊपर डिवाइड बनाए जाने के बाद यहां पर शुरूआत में संकेतक लगाया गया। इसके बाद यहां यातायात पुलिस जवान भी दोनों ओर तैनात किए गए, लेकिन कुछ दिनों के बाद पुलिस जवान हटा लिए गए और संकेतक भी माह दो माह के भीतर निकल गया। इसके बाद यहां पर डिवाइडर को लेकर संकेतक नहीं लगाया गया। जिसके चलते रात के वक्त डिवाइडर नजर नहीं आने से ट्रैकों के डिवाइडर से टकराने से डिवाइडर क्षतिग्रस्त होती चली गई।

## कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने दल का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार आगामी खरीफ वर्ष 2026 में किसानों को निर्धारित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी, तस्करी, डायवर्सन, जमाखोरी, अधिक कीमत पर विक्रय एवं अमानक उर्वरकों के विक्रय सहित अन्य अवैध कार्यों को रोकने तथा संबंधित व्यक्ति व फर्म के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के लिए जिला एवं विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। इसके साथ ही शिकायतों के निवारण के लिए जिले में उर्वरक कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। जिसका टोल फ्री नम्बर 07744-224109 है।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि राजनांदगांव विकासखंड उड़नदस्ता दल के नोडल अधिकारी सहायक संचालक कृषि डॉ. बीरेन्द्र अनंत, डोंगरगांव एवं छुरिया विकासखंड उड़नदस्ता दल के नोडल अधिकारी अनुविभागीय कृषि अधिकारी संतलाल देशलहरे, डोंगरगढ़ विकासखंड उड़नदस्ता दल के नोडल अधिकारी सहायक संचालक कृषि संध्या कोचरे को नियुक्त किया गया है। उड़नदस्ता दल द्वारा उर्वरक से संबंधित शिकायतों, गोपनीय सूचना के निवारण एवं अवैध गतिविधियों की तत्काल सूचना प्राप्त होने पर एफसीओ 1985 के तहत त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# युगांतर स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



युगांतर पब्लिक स्कूल के होम एक्जाम के रिजल्ट प्राचार्य मधुसूदन नायर, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया की उपस्थिति में घोषित हुए।परीक्षा परिणाम वितरण का कार्यक्रम गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ।

नर्सरी से कक्षा 9वीं तथा कक्षा 11वीं के एकेडमिक एचिवर्स को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंक सूची वितरण के दौरान पालकों की काफी तादाद में उपस्थिति रही। वे रिजल्ट लेकर काफी उत्साहित नजर आए। विद्यालय विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास निरंतर ध्यान दे रहा है। विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी कक्षा 6वीं से 9वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सी टॉप एकेडमिक प्रोग्राम सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। शिक्षकों के प्रयासों से युगांतर में गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। सी टॉप एकेडमिक प्रोग्राम अर्थ यह है कि बच्चों को वह योग्यता हासिल हो। जिससे वो नीट तथा जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षा में समर्थ हो सके। इस दिशा में 6वीं की कक्षाओं से ही विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यार्थियों को एक्टिविटीज बेस लर्निंग कराई जा रही है। इससे उनका लर्निंग आउटकम बेहतर हो रहा है। इससे विद्यार्थीगण लाभान्वित हो रहे हैं। अंक सूची वितरण तथा एकेडमिक एचिवर्स के सम्मान के बाद विद्यार्थियों तथा उनके पालकों के लिए स्वादिष्ट स्वल्पाहार की व्यवस्था मेस विभाग के द्वारा की गई थी। जिसकी पालकों ने काफी सराहना की। इस आयोजन को सफल बनाने विद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी सहित विद्यालय के कम्प्यूटर, म्यूजिक, डांस, स्पोर्ट्स, आर्ट, मेस, ट्रांसपोर्ट, श्रम विभाग विभाग, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने समारोह को यादगार बनाने में अहम भूमिका निभाई। समारोह का संचालन दीपांक्षा शर्मा, निमिषा प्रिविन, दिव्या पाठक ने किया।

## रेंगाकठेरा मंडल की बैठक आयोजित



**राजनांदगांव।** "संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को बूथ चलो-गांव चलो" के मूलमंत्र के साथ कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष विपिन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश महामंत्री थानेश्वर पाटिला, ब्लॉक अध्यक्ष राममुरत वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण के जिला सचिव व रेंगाकठेरा मंडल के प्रभारी ओमप्रकाश साहू, सह-प्रभारी भागवत वर्मा की उपस्थित में मंडल अध्यक्ष संतोष देवांगन नेतृत्व में बुंदेलीकला में रेंगाकठेरा मंडल बैठक संपन्न हुआ।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री थानेश्वर पटिला ने बैठक में अपनी बात रखते बूथ गठन में सक्रिय लोगों को प्राथमिकता देने की बात रखते कांग्रेस को और भी ज्यादा मजबूती प्रदान करने की दिशा में सब मिलकर काम करने की बात कही। ब्लॉक अध्यक्ष राममुरत वर्मा ने संगठन सृजन के बूथ गठन के दिशा-निर्देश दिए। जिला सचिव ओमप्रकाश साहू ने कहा कि कांग्रेस में बूथ गठन का कार्य पूरे मंडल में जल्द से जल्द किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष संतोष देवांगन सभी सेक्टर प्रभारी एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं को बूथ गठन के संबंध में जो दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं, उन्हें बताए। बैठक में सह-प्रभारी भागवत वर्मा, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे।

# खड़गांव में एक्सीडेंटल मोटर साइकिल की चोरी के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बीते 30 मार्च को खड़गांव-गोटाटोला मार्ग पर एक्सीडेंट हुए मोटर साइकिल को घटनास्थल से चोरी कर बाइक के अलग-अलग कलपुर्जों को बेचने के फिराक में लगे चार आरोपियों को खड़गांव पुलिस ने हिरासत में लिया है।

उल्लेखनीय कि आवेदक रमेश कुमार मांझी द्वारा खड़गांव थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया कि बीते 30 मार्च को सड़क हादसे में मृत उसके डेढसाला सुबेसिंह की मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 08 एएम 9901 को किसी अज्ञात चोरों ने घटनास्थल से पार कर दिया है। चोरी हुए मोटर साइकिल की खड़गांव पुलिस द्वारा पतासाजी हेतु मुखबीर तैनात करने पर सूचना मिली कि शेरपार के कुछ लोग मोटर साइकिल के पाट्र्स को बेचने के लिए घूम रहे हैं। सूचना तस्दीक हेतु संदेही निखिल भुआर्य, अजय कुमार, गुलशन बघेल, सोनू उर्फ मुकुल विश्वकर्मा निवासी नयापारा शेरपार को प्रकरण में चोरी हुए बाइक के संबंध मे पूछताछ करने पर आरोपियों ने पुलिस को बताया कि 31 मार्च की सुबह शादी कार्यक्रम में रानाटोला जा रहे थे, तभी बिटेझर पहाड़ी मोड में सड़क पर मोटर साइकिल रखा हुआ था। जिसको बेचने की नीयत से चोरी कर वहां से आरोपियों में जंगल छुपा दिया।



**गड्ढा में छुपा दिए थे मोटर साइकिल**

31 मार्च की सुबह सड़क हादसे के शिकार हुए मोटर साइकिल को घटनास्थल से उठाकर आरोपियों ने जंगल पहाड़ी के गड्ढे में मोटर साइकिल को छुपा दिया। 1 अप्रैल की रात को तीनों आरोपी मोटर साइकिल को लुड़काते हुए सात-आठ किलोमीटर शेरपार लाए, बाइक मिस्त्री चौथे आरोपी मुकुल विश्वकर्मा से बाइक के कलपुर्जों को अलग-अलग कराया।

**कलपुर्जों को किया अलग-अलग**

आरोपियों को डर था कि खड़ी बाइक को बेचने से पकड़े जाएंगे तो आपस में उन्होंने तय किया कि बाइक के सभी पाट्र्स को अलग-अलग किया जाए। मिस्त्री मुकुल विश्वकर्मा से मोटर साइकिल का पुर्जा / पाट्र्स को अलग-अलग करवाने के बाद आरोपी मोटर साइकिल के सामनों को बेचने के फिराक में घूम रहे थे, तभी खड़गांव पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है। धारा 303(2),), 238, 3(5) बीएनएस का घटित करना पाए जाने से सभी आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

### पीएम सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पीएम सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने योजना के प्रभावी एवं त्वरित क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने योजना के अंतर्गत लंबित सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने कहा। वेंडर्स को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर शेष इंस्टॉलेशन कार्यों को तेज गति से पूर्ण करें। सोलर पैनल स्थापना के दौरान सभी सुरक्षा मानकों एवं गुणवत्ता प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने कहा। बैंक अधिकारियों को सब्सिडी क्लेम प्रक्रिया के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने कहा। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता शिविर आयोजित कर हितग्राहियों को आवेदन, इंस्टॉलेशन एवं सब्सिडी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देने कहा गया।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
राजनांदगांव एवं कवर्धा में हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 5-5 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव
7489534456
ब्यूरो कार्यालय, एकता चौक, कवर्धा
9893605300, 8889139071

## जैविक खेती से आय बढ़ाने के बताए गए तरीके

# किसानों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कृषि विभाग की आत्मा योजना अंतर्गत तहसील कुमरदा क्षेत्र के कृषकों को अन्य जिलों में प्रगतिशील कृषकों के फार्म एवं खेतों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

इस दौरान किसानों को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के युवा किसान सौरभ जंघेल के फार्म हाउस का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें मशरूम उत्पादन एवं जैविक खेती के माध्यम से आय बढ़ाने के तरीके बताए गए।

लोहारा विकासखंड के भ्रमण के दौरान किसान समूहों द्वारा सामूहिक खेती, बाजार सुविधा, कीट एवं रोग नियंत्रण आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी सुदेश कुमार पटेल सहित अन्य कृषि अधिकारी उपस्थित थे।



**पपीता, टमाटर सहित अन्य फसलों की उन्नत खेती**

गंडई क्षेत्र में पड़त भूमि पर की जा रही ड्रैगन फ्रुट की खेती का भी अवलोकन कराया गया तथा इसके उत्पादन से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। किसानों को कबीरधाम जिले के कृषक रूपेश जायसवाल के खेतों का भी भ्रमण कराया गया, जहां 27 एकड़ में खरबूजा, 12 एकड़ में पपीता एवं टमाटर सहित अन्य फसलों की उन्नत खेती की जा रही है। किसानों को बताया गया कि रबी सीजन में इन फसलों को धान के विकल्प के रूप में अपनाकर बेहतर आमदनी प्राप्त की जा सकती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर 21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

**खबर संक्षेप**

## पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का ग्राम महली में आगमन आज



**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएस सिंहदेव का 6 अप्रैल सोमवार को सायं लगभग 5 बजे ग्राम महली में आगमन होगा। इस दौरान वे स्थानीय कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात करेंगे तथा विभिन्न सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अधिवक्ता अवनीश कश्यप एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष मई माह में भी उनका ग्राम महली आगमन प्रस्तावित था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से दौरा स्थगित हो गया था। उन्होंने बताया कि इस बार टीएस बाबा अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच समय निकालकर ग्राम महली पहुंचेगें, जिसे लेकर क्षेत्र कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत महली के पूर्व सरपंच रघुराई चंद्राकर के निवास पर किया जाएगा, जहां तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक कश्यप, रघुराई चंद्राकर, अवनीश कश्यप, रामू चंद्राकर सहित अन्य कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। अशोक कश्यप ने कहा कि टीएस सिंहदेव का ग्राम महली आगमन गर्व की बात है, उनके स्वागत के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। उन्होंने क्षेत्र की जनता एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने का अपील की गई।

### चार दशक का लाल आतंक समाप्त: सशस्त्र नक्सलवाद के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई को लोगों ने सराहा

# छग के नक्सल मुक्त होने पर गृह मंत्री विजय का ऐतिहासिक अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा का रविवार को कवर्धा आगमन पर भव्य नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। नगर के प्रमुख स्थल भारत माता चौक में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न समाजों, धार्मिक संगठनों, सांस्कृतिक संस्थाओं, व्यापारिक संघों तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने राज्य में सशस्त्र नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रभावी अभियान की सराहना करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व और कार्यशैली की प्रशंसा की।

वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापना के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है, इससे आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। समारोह में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ एवं फूलमाला भेंट कर उपमुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। इस अवसर पर कई सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तित्वों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नक्सलवाद जैसी गंभीर समस्या से निपटने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रभावी रणनीति की आवश्यकता होती है, जिसे वर्तमान नेतृत्व ने सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया है।

अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि उन सभी सुरक्षाबलों और अधिकारियों का है, जो कठिन परिस्थितियों में प्रदेश की सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य राज्य को पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त बनाना है और इसके लिए विकास एवं सुरक्षा दोनों मोर्चों पर समान रूप से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार आम जनता की सुरक्षा, विकास और विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है तथा भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित नागरिकों ने एकजुटता और प्रदेश की प्रगति के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ बनने के बाद गृह मंत्री विजय शर्मा के कवर्धा प्रथम आगमन पर स्थानीय महामाया चौक में ऐतिहासिक नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। हजारों की संख्या में लोग बाजा-गाजा, ढोल-नगाड़ों और उत्सव माहौल में पूरे शहर में जश्न का वातावरण नजर आया।

**निर्धारित तिथि में अर्जित की गई सफलता**




केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के विरुद्ध अभियान में उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है। प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने प्रभावी रणनीति अपनाते हुए नक्सल गतिविधियों पर कड़ा प्रहार किया। इस दौरान श्री शर्मा ने स्वयं कई नक्सली नेताओं से चर्चा कर उन्हें आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित किया। श्री शर्मा ने कहा कि यह सब प्रदेश की जनता के सहयोग और विश्वास से संभव हो पाया है। इस उपलब्धि से राज्य में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है और आम जनता में विश्वास बढ़ा है।

# खराब ट्रांसफार्मर बदला, 12 घंटे में बहाल हुई बिजली, ग्रामीणों ने जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बीजाझोरी में खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और उन्होंने बिजली विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार 63 केव्ही का ट्रांसफार्मर मौसम के उतार-चढ़ाव, हल्की तेज बारिश और तूफान के कारण शुक्रवार को खराब हो गया था, जिससे पूरे बस्ती में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। इस समस्या की जानकारी ग्रामीणों द्वारा सहायक अभियंता सुनील कंवर को दी गई, जिसके बाद बिजली विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 12 घंटे के भीतर नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली व्यवस्था बहाल कर दी। ट्रांसफार्मर बदलने के कार्य में लाइन कर्मचारी रमऊराम धनकर, खुशाल पटेल, भीषम साहू, संजय चंद्रवंशी, अजीत और जलेश बघेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। इस अवसर पर लालाराम साहू, तुलाराम साहू, महेंद्र चंद्रवंशी, घनाराम यादव, भोज यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## भगवान परशुराम अवतरण दिवस मनाने परिचर्चा बैठक



**हरिभूमि कवर्धा।** गत दिनों 04 अप्रैल को ब्राह्मण समाज की आवश्यक बैठक अध्यक्ष मनीष बंटी तिवारी के निज-निवास में आयोजित की गई। जिसमें व्रतबंध (उपनयन) एवं भगवान परशुराम के अवतरण दिवस मनाने पर परिचर्चा की गई है। सर्व-सम्मति से निर्णय लिया गया है कि अक्षय तृतीया के दिन 18 एवं 19 अप्रैल को व्रतबंध एवं भगवान परशुराम के अवतरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। उक्त अवसर पर छप्पन भोग संचालक आशीष दुबे पिता संजय दुबे द्वारा आयोजन सम्बन्धी व्यवस्था की जिम्मेदारी स्वयं लेने की विचार व्यक्त किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्य विभाजन कर जिम्मेदारी सौपी गई। जिसमें व्रतबंध (उपनयन) सामग्रियां हेतु संतोष शुक्ला, चंद्रशेखर शर्मा, उक्त आयोजन की व्यवस्था एवं सलाह हेतु मनीष तिवारी के साथ श्रीकान्त उपाध्याय एवं उमेश पाठक, पूजन सामग्री आदि व्यवस्था श्रीमती मधु तिवारी एवं उनके टीम, भोजन आवास एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था हेतु आशीष दुबे, डॉ आनंद मिश्रा, राजेश पाण्डेय एवं युवा टीम, प्रचार-प्रसार हेतु कीर्तन शुक्ला, बिन्नू तिवारी, नंदकुमार शर्मा एवं कीर्ति तिवारी व आमंत्रण पत्र, पाम्पलेट, बेनर पोस्टर, बंटी तिवारी, उमेश पाठक एवं राजेश पाण्डेय, चंद्रशेखर शर्मा तथा बटुको से सहयोग राशि प्राप्त करने एवं उनका पंजीयन आनंद मिश्रा आनंद बुक डिपो कवर्धा सहयोग राशि 25 सौ रुपए एवं पूजन कार्य सम्पन्न कराने हेतु आचार्य एवं नाई ठाकुर की व्यवस्था सुद्धु तिवारी को आधिकृत किया गया। उक्त अवसर पर अध्यक्ष मनीष बंटी तिवारी, सचिव सुरेश शर्मा, महिला अध्यक्ष श्रीमती मधु तिवारी, युवा अध्यक्ष डॉ आनंद मिश्रा, प्रभाकर शुक्ला, सुद्धु तिवारी, मैदिनी शंकर चौबे, कीर्ति तिवारी, आनंद मिश्रा, उमेश पाठक, राजेश पांडेय, नंदकुमार शर्मा, श्रीकान्त उपाध्याय, सूर्या तिवारी, आशीष दुबे, कीर्तन शुक्ला, संतोष शुक्ला साथ साथ बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग उपस्थित थे।

# सीसी रोड नहीं बनने से नागरिक लोग, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी तक बनी प्रधानमंत्री सड़क का डामरीकरण तो हो चुका है, लेकिन बस्ती क्षेत्र पेंड्रीकला में सीसी रोड का निर्माण अब तक नहीं हो पाया है। इसके कारण सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गई है और जगह-जगह बड़े पत्थर बाहर निकल आए हैं। इस खराब सड़क के चलते राहगीरों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर मोटर सायकिल सवारों के लिए यह मार्ग जोखिम भरा बन गया है, शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह एक मुख्य मार्ग है, जहां लगातार वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में सड़क की खराब हालत लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुकी है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बस्ती के अंदर जल्द से जल्द सीसी रोड निर्माण कार्य शुरू कराया जाए साथ ही तत्काल राहत के रूप में गड्ढों में गिट्टी डलवाने की व्यवस्था भी की जाए, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

# कांग्रेस कमेटी कवर्धा-ग्रामीण का बैठक छिरहा राजीव भवन में संपन्न

- संगठन को मजबूत करने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा ग्रामीण की महत्वपूर्ण बैठक छिरहा स्थित राजीव भवन में संपन्न हुई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत, जिला उपाध्यक्ष भीषम पांडेय, जिला महामंत्री मनीष शर्मा, जिला महामंत्री धीरज सिंह ठाकुर, अंकित चौबे एवं प्रशांत परिहार सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसी पदाधिकारी उपस्थित थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा ग्रामीण के अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का पुष्पमाला से आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नव-नियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को पुष्पमाला पहनाकर तथा मुंह मीठा कराकर नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। अपने संबोधन में ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि देश की आजादी, संविधान की रक्षा और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। आज संगठन सृजन के माध्यम से गांव-गांव, बूथ-बूथ तक कांग्रेस की ताकत को मजबूत करने का ऐतिहासिक अवसर सामने है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता कांग्रेस की विचारधारा का सिपाही है और जनता के बीच जाकर उनकी आवाज को बुलंद करना ही हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि संगठन तभी मजबूत होता है जब कार्यकर्ता समर्पण, अनुशासन और एकजुटता के साथ काम करें, आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता की आवाज बनने के लिए सभी पदाधिकारी पूरी ऊर्जा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। बैठक में उपस्थित सभी नेताओं ने भी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में कांग्रेसी पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

## बाजार चौक में पेयजल व सुलभ व्यवस्था का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पंचायत इंदौरी के जनप्रतिनिधि यहां के विकास कार्यो के ढिढोरे पिटते हैं किन्तु जमीनी धरातल पर यहां के विकास कार्य कुछ और की बया कर रही है। बताया जाता है कि नगर पंचायत इंदौरी में साप्ताहिक बाजार दो दिन लगते हैं। बड़े बाजार शुक्रवार को नया बाजार चौक में और छोटे बाजार पुराना बाजार चौक में। किन्तु दोनों बाजार चौक में न पेयजल की न तो सुलभ की व्यवस्था है। यहां तक कि व्यापारियों के बैठने के लिए व्यवस्थित चबूतरे की भी व्यवस्था नहीं है। बाजार के दिन यदि सुलभ की व्यवस्था है। यहां बताना लाजिमी होगा कि आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन व दूर-दराज से आए हुए व्यापारियों और खरीददारों के लिए एक समस्या बन जाता है। बाजार चौक, इंदौरी का हृदय स्थल है। पुराना बाजार चौक में पूर्व माध्यमिक विद्यालय से बाजार चौक होते हुए बाहरमुडा रोड तक नाली निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति साल भर पहले हो चुका है। परंतु आधे अधूरे नाली निर्माण कर छोड़ दिया गया है। जिससे बारिश होने पर मोहल्लेवासियों को पानी निकासी के लिए समस्या होती है।

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as KESHAN SAHU S/O MATHUR R/o house number 2, Motimpur, Kawardha, Surajpura, Chhattisgarh-491995 have changed my name and shall hereafter be known as KISHAN KUMAR SAHU.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

KESHAN SAHU
Signature(in existing Old Name)
Name of Applicant
KESHAN SAHU

# कुई-कुकदूर मण्डल में कांग्रेस की संगठन सृजन अभियान बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में पण्डरिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू के निर्देशन में कुई-कुकदूर मण्डल में संगठन सृजन अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मण्डल अध्यक्ष ललित ध्रुर्वे की अगुवाई में सम्पन्न हुआ, जिसमें संगठन सृजन प्रभारी सुजीत कुम्भकार एवं सह प्रभारी गणेश राज विशेष रूप से उपस्थित थें। इस अवसर पर बूथ स्तर और पंचायत स्तर पर बूथ लेवल एजेंट का गठन किया गया तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा हुई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसका बूथ कार्यकर्ता है। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर हम गांव-गांव, बूथ-बूथ जाकर संगठन को सृजित कर रहे हैं। कुई-कुकदूर मण्डल के साथियों में जो उत्साह है, वह आगामी समय में कांग्रेस को और मजबूती देगा। हमारा लक्ष्य है कि हर पंचायत, हर बूथ पर कांग्रेस का सिपाही तैयार हो जो जनता की आवाज बने। मण्डल अध्यक्ष ललित ध्रुर्वे ने कहां कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता के सम्मान को ध्यान में रखकर संगठन सृजन का काम करेंगे। वहीं संगठन सृजन प्रभारी सुजीत कुम्भकार ने पार्टी में एकता से काम करने की बात कही साथ ही सह प्रभारी गणेश राज ने संगठन सृजन में जो पंचायत अध्यक्ष बनाया जा रहा है उससे पार्टी और बहुत मजबूत होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से घनश्याम साहू, ललित ध्रुर्वे, सुजीत कुम्भकार, गणेश राज, साधु कोठारी, परसु माटले, राजकुमार अनंत, राकेश चंद्राकर, सतीश कोठारी, कृष्ण पूसाम, चंद्रशेखर साहू, रमेश मरावी, झगर सिंह मरकाम, मुकेश अमेरा, कन्हैया रजक, फूल सिंग, कालीचरण, दयाराम, बिहारी लाल ध्रुर्वे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के सम्मानित जन उपस्थित थें।

# भाजपा मण्डल कुण्डा ने पार्टी स्थापना दिवस के पूर्व चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

भाजपा मण्डल कुण्डा ने भाजपा स्थापना दिवस के पूर्व सरकारी संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता के लिए आम नागरिकों को जन जागरूक किया। प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी, महामंत्री मनहरण साहू के कुशल मार्गदर्शन में एवं कार्यक्रम के मण्डल संयोजक संतोष चंद्रवंशी एवं सह संयोजक दिनेश चंद्रवंशी व राजेश यादव के दिशा-निर्देश मे रविवार को मण्डल मुख्यालय कुण्डा के सरकारी संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें भाजपा मण्डल कुण्डा द्वारा जनसेवा ही भावना विधायक कार्यालय, भारत माता चौक, मंदिर चौक, तालाब, सार्वजनिक स्थान व हैंडपंप के आसपास एवं बस स्टैंड परिषर में साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान की शुरुवात किया गया एवं स्वच्छ भारत, स्वच्छ शहर व स्वच्छ ग्राम के लिए आम नागरिकों को जन-जागरूक कर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अवसर बालमुकुंद चंद्रवंशी, रामस्वरूप साहू, संतोष चंद्रवंशी, पुरुषोत्तम निर्मलकर, सुरेश साहू, बबली साहू, पन्ना साहू, पूर्णिमा सेन, साजन सारथी, रामनाथ चंद्राकर, करण साहू, मोहन वैष्णव सहित भाजपा मण्डल कुण्डा, युवा मोर्चा महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, अजा मोर्चा, अजजा मोर्चा, अल्पसंख्या के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### धार्मिक सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

# दो दिवसीय माता अंगारमाती मेला महोत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

प्रतापपुर में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी माता अंगारमाती मेला महोत्सव का 32वां आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। यह दो दिवसीय मेला 6 अप्रैल से 7 अप्रैल तक आयोजित होगा, जिसमें धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की विशेष प्रस्तुति होगी। जिसमें 6 अप्रैल सोमवार को प्रातः 7:00 से 8:00 बजे आरती एवं पूजा, सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 बजे सामाजिक उद्बोधन व दोपहर 1:00 से शाम 7:00 बजे चौका आरती तथा रात्रि 10:00 बजे से सतनाम महिमा कार्यक्रम लोक गायक राम प्रसाद चेलक एवं साथी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 7 अप्रैल को प्रातः 7:00 से 8:00 बजे आरती एवं पूजा, सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 बजे सामाजिक उद्बोधन, दोपहर 2:00 बजे से पालो चढ़ाना, गुरु दर्शन, पंथी भजन एवं अतिथियों का उद्बोधन एवं रात्रि 10:00 बजे से किरण भारती एवं साथी का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित की जाएगी। मुख्य अतिथि जगतगुरु गद्दीनसीन रुद्र कुमार, कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, विशिष्ट अतिथि विशेषर पटेल, संतोष पांडेय सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहेंगे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### जर्जर बिजली पोलों पर प्रशासन की लापरवाही उजागर

**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा एवं ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी के संयुक्त नेतृत्व में लखोली क्षेत्र



के युवा रहवासियों के साथ बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता कौशलेंद्र पांडे से मुलाकात कर क्षेत्र में व्याप्त गंभीर विद्युत समस्याओं को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। प्रतिनिधि मंडल ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि लखोली क्षेत्र में एक बिजली पोल अत्यंत जर्जर एवं खतरनाक स्थिति में है, जो लगातार हिल रहा है और किसी भी समय गिर सकता है। यह स्थिति सीधे तौर पर आम नागरिकों की जानमाल के लिए बड़ा खतरा बनी हुई है। इस समस्या की शिकायत क्षेत्रवासियों द्वारा पूर्व में भी कई बार की जा चुकी है। अभिमन्यु ने कहा कि यह सिर्फ एक पोल का मामला नहीं है, बल्कि शहरभर में ऐसे कई जर्जर और क्षतिग्रस्त बिजली पोल खड़े हैं, जो प्रशासन की लापरवाही और उदासीनता का जीता-जागता प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते इन पोलों को नहीं बदला गया, तो कोई बड़ा हादसा होना तय है और उसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग और प्रशासन की होगी।

उन्होंने मांग की कि तत्काल प्रभाव से पूरे शहर का व्यापक सर्वे कराया जाए और सभी खतरनाक एवं जर्जर पोलों को प्राथमिकता के आधार पर बदला जाए। साथ ही संबंधित ठेकेदारों की भूमिका की जांच कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उक्त मौके पर सागर ताम्रकार, विकास यादव, निमेष देशलहरे, कृष्णा सिन्हा, सागर सिन्हा, लक्ष्य, पुष्कर रजक, मयंक खरे आदि युवा उपस्थित रहे।

## यातायात का बढ़ रहा लगातार दबाव

# ओवरब्रिज पर बना डिवाइडर क्षतिग्रस्त फिर दे रहा हादसों को निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्टेशनपारा रेलवे अंडरब्रिज निर्माण कार्य के चलते आवागमन के लिए फाटक बंद होने के बाद शहर के चिखली ओवरब्रिज के ऊपर हर महीने हो रही मौत और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से बीते फरवरी माह में यहां मार्ग विभाजक बनाया गया।

इसके बाद ओवरब्रिज के ऊपर होने वाली मौतों का सिलसिला थम गया। डिवाइडर बनने के बाद से ओवरब्रिज के ऊपर एक भी व्यक्ति की जान यहां सड़क हादसे में नहीं गई।

ओवरब्रिज के ऊपर मार्ग विभाजक बनाए जाने के चलते वाहन एक के पीछे एक कतारबद्ध होकर चलने लगे और तेज रफ्तार वाहनों की गति भी धीमी हो गई।



**फिर बढ़ रही हादसे की आशंका** वाहनों की ठोकर से ओवरब्रिज के उपर बना डिवाईडर कई जगह से टूट गया है। आज सुबह भी एक ट्रक चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलते हुए डिवाइडर के एक बड़े हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिससे नगर निगम की ओर से चिखली जाने वाली साईड सकरी हो गई है। वहीं ओवरब्रिज में चखली की ओर से डिवाइडर का एक बड़ा हिस्सा टूटकर खत्म हो गया है, जिसे दोबारा नहीं बनाया गया है। डिवाइडर को बनाने के लिए विभागीय लापरवाही के चलते अब हादसे की संभावना बढ़ने लगी है।

**डिवाइडर पर संकेतक नहीं**

ओवरब्रिज के ऊपर डिवाइड बनाए जाने के बाद यहां पर शुरूआत में संकेतक लगाया गया। इसके बाद यहां यातायात पुलिस जवान भी दोनों ओर तैनात किए गए, लेकिन कुछ दिनों के बाद पुलिस जवान हटा लिए गए और संकेतक भी माह दो माह के भीतर निकल गया। इसके बाद यहां पर डिवाइडर को लेकर संकेतक नहीं लगाया गया। जिसके चलते रात के वक्त डिवाइडर नजर नहीं आने से ट्रैकों के डिवाइडर से टकराने से डिवाइडर क्षतिग्रस्त होती चली गई।

## कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने दल का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार आगामी खरीफ वर्ष 2026 में किसानों को निर्धारित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी, तस्करी, डायवर्सन, जमाखोरी, अधिक कीमत पर विक्रय एवं अमानक उर्वरकों के विक्रय सहित अन्य अवैध कार्यों को रोकने तथा संबंधित व्यक्ति व फर्म के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के लिए जिला एवं विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। इसके साथ ही शिकायतों के निवारण के लिए जिले में उर्वरक कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। जिसका टोल फ्री नम्बर 07744-224109 है।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि राजनांदगांव विकासखंड उड़नदस्ता दल के नोडल अधिकारी सहायक संचालक कृषि डॉ. बीरेन्द्र अनंत, डोंगरगांव एवं छुरिया विकासखंड उड़नदस्ता दल के नोडल अधिकारी अनुविभागीय कृषि अधिकारी संतलाल देशलहरे, डोंगरगढ़ विकासखंड उडऩदस्ता दल के नोडल अधिकारी सहायक संचालक कृषि संध्या कोचरे को नियुक्त किया गया है। उडऩदस्ता दल द्वारा उर्वरक से संबंधित शिकायतों, गोपनीय सूचना के निवारण एवं अवैध गतिविधियों की तत्काल सूचना प्राप्त होने पर एफसीओ 1985 के तहत त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## रेंगाकठेरा मंडल की बैठक आयोजित



**राजनांदगांव।** "संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को बूथ चलो-गांव चलो" के मूलमंत्र के साथ कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष विपिन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश महामंत्री थानेश्वर पाटिला, ब्लॉक अध्यक्ष राममुरत वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण के जिला सचिव व रेंगाकठेरा मंडल के प्रभारी ओमप्रकाश साहू, सह-प्रभारी भागवत वर्मा की उपस्थित में मंडल अध्यक्ष संतोष देवांगन नेतृत्व में बुंदेलीकला में रेंगाकठेरा मंडल बैठक संपन्न हुआ।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री थानेश्वर पटिला ने बैठक में अपनी बात रखते बूथ गठन में सक्रिय लोगों को प्राथमिकता देने की बात रखते कांग्रेस को और भी ज्यादा मजबूती प्रदान करने की दिशा में सब मिलकर काम करने की बात कही। ब्लॉक अध्यक्ष राममुरत वर्मा ने संगठन सृजन के बूथ गठन के दिशा-निर्देश दिए। जिला सचिव ओमप्रकाश साहू ने कहा कि कांग्रेस में बूथ गठन का कार्य पूरे मंडल में जल्द से जल्द किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष संतोष देवांगन सभी सेक्टर प्रभारी एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं को बूथ गठन के संबंध में जो दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं, उन्हें बताए। बैठक में सह-प्रभारी भागवत वर्मा, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
राजनांदगांव एवं कवर्धा में हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 5-5 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव
7489534456
ब्यूरो कार्यालय, एकता चौक, कवर्धा
9893605300, 8889139071




